॥ ओ३म् तत्सत् ॥

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष ३ — अङ्क २

Year 3 — Number 2

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर, उ० प्र०
(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मंडल

काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर

सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) — एक अंक का १)

प्रकाशक—श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेंट, शाहजहांपुर
उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूचीः—

विषय	लेखक	पृष्ठ संख्या
१—प्रार्थना		१
२—सम्पादकीय — अनासक्ति		२
३—कर्म	समर्थ गुरू महात्मा रामचन्द्र जी फतेहगढ़	८
४—ग़रीबी	श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	१३
५—भजन	सूरदास	१६
६—अनन्त यात्रा		१७
७—साधन पथ	कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी	२३
८—ग़ज़ल	परिव्राजक विष्णु जी विष्णु स्वामी, 'सदा'	३१
९—प्रार्थना	महानिर्वाण तन्त्र से उद्धृत	३२
10–The Efficacious way	Shri Ram Chandra Ji President S. R. C. M.	33
11–The knot of the Heart	Shri Raghavendra Rao	36
12–Some Common Errors in Meditation	Shri Ishwar Sahai	42
13–Thoughts on worship	Shri Banagovinda Parampanthi	48
14–Men with a Mission	Shri Suresh Chandra	59
15–Experiences of an Abhaysi	An Abhyasi	62
16–To the Awakened India	Swami Vivekanand	64

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो।)

वर्ष ३ Year 3 | आषाढ़, शाकाब्द १८८१, सं० २०१६ विक्रमी | June–July 1959 | अङ्क २ Number

★ प्रार्थना ★

हे नाथ, तू ही मनुष्य–जीवन का ध्येय है।

हमारी इच्छाएँ हमारी उन्नति में बाधक हैं।

तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है।

बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है।

[श्री राम चन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

सम्पादकीयः—

अनासक्ति

सस्कार–निर्माण का मूल कारण 'आसक्ति' है । अतः संस्कार-शून्यता का साधन 'अनासक्ति' या 'वैराग्य' होना चाहिए । 'अनासक्ति' के उपाय की खोज करने के पूर्व 'आसक्ति' की प्रक्रिया का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण आवश्यक है ।

'आसक्ति' अथवा 'तृष्णा' का आधार व्यक्तित्व का आसक्ति के विषय के साथ तादात्म्य है; जिस के परिणामस्वरूप उस विषय के प्रति व्यवहार के सम्बन्ध में व्यक्ति विवश हो जाता है । उदाहरणार्थ जो व्यक्ति किसी विशेष प्रकार के स्वादिष्ट भोजन के प्रति आसक्त हो जाता है, वह उस के अभाव में अपना अस्तित्व ही व्यर्थ समझने लगता है । कारण सुस्पष्ट ही है कि उस ने अपने सम्पूर्ण व्यक्तित्व का तादात्म्य स्वादेन्द्रिय के साथ कर लिया है । परिणामतः उस विशेष स्वाद के भोजन के प्रति व्यवहार के सम्बन्ध में वह व्यक्ति स्वतन्त्र न रह कर विवश हो जाता है । किन्तु यदि उस स्वादिष्ट भोजन के प्रति आसक्ति नहीं पैदा होती, तो अनेक बार उसे खाने पर भी उस के प्रति व्यवहार के सम्बन्ध में व्यक्ति स्वतन्त्र रहता है । इसी मनोवैज्ञानिक तथ्य को भारतीय दर्शन की पारिभाषिक शब्दावलि में इस सिद्धान्त के रूप में व्यक्त किया गया है कि "सक्त कर्म ही सस्कार के रूप में बन्धन उत्पन्न करता है । अनासक्त कर्म संस्कार का निर्माण नहीं करता है ।"

उपर्युक्त सिद्धान्त मनोवैज्ञानिक सत्य की दृष्टि से तनिक भी रहस्यात्मक नहीं । पाश्चात्य नीतिशास्त्र में मार्टिन्यू *(Martineau)* ने कर्म के दो प्रकार के प्रेरक बताये हैं: (१) मौलिक *(Primary)*

अर्थात् सामान्य रूप से मानव के लिए स्वाभाविक; और (२) गौण *(Secondary)* अर्थात् मौलिक प्रेरणाओं की क्रियाशीलता द्वारा उत्पन्न अनुभव के प्रति 'मोह' के परिणाम स्वरूप उत्पन्न प्रेरक । बौद्ध दर्शन में भी शारीरिक अस्तित्व को 'वेदना' *(Experience)* का कारण बताया गया है; और इसी 'वेदना' के प्रति उत्पन्न तृष्णा को 'संस्कार'–निर्माण का मूल कारण कहा गया है । सुखात्मक और दुःखात्मक अनुभव के प्रति राग-द्वेषात्मक आसक्ति (मोह अथवा तृष्णा) ही चित्त पर ऐसा प्रभाव उत्पन्न करती है, जो भावी कर्म-विषयक बन्धन की नींव बनता है । यह किसी भी व्यक्ति के साधारण अनुभव का विषय है कि जब हम परिस्थितिवश कुछ करते हैं; किन्तु उस के प्रति हमारे मन का लगाव नहीं होता, तो उस कर्म का हमारे ऊपर कोई ऐसा स्थायी प्रभाव शेष नहीं रहता कि आगे चल कर वह काम करने या न करने की विवशता पैदा हो जाये । धूम्रपान से लेकर गहन चिन्तन तक किसी भी क्रिया पर यह सिद्धान्त लागू होता है । आधुनिक मनोविश्लेषण सिद्धान्त में समस्त असाधारण और साधारण विवशताएँ प्रारम्भिक राग-द्वेषात्मक आसक्ति के परिणाम–स्वरूप उत्पन्न माना गई हैं ।

राग-द्वेषात्मक आसक्ति का मूल कारण भारतीय दर्शन की पारिभाषिक शब्दावलि में 'अविद्या' है । 'अविद्या' का परम्परागत अर्थ 'अयथार्थ को यथार्थ समझने की प्रवृत्ति उत्पन्न करने वाली मूल सवित्ति *(Original Consciousness)* है । शास्त्र का पाण्डित्यपूर्ण विवेचना अलग छोड़ कर साधारण ज्ञान के स्तर पर भी यह कोई रहस्य की बात नहीं कि 'आसक्ति' का कारण 'व्यापक दृष्टि का अभाव' ही होता है । जब हम किसी उद्देश्य को सामने रख कर कुछ करते हैं, तो अपने कर्म के परिणाम को महत्वपूर्ण समझते हैं, और उस की प्राप्ति होने पर प्रसन्नता, तथा अप्राप्ति होने पर विषाद का अनुभव करते हैं । किन्तु विश्व की व्यापक व्यवस्था के संदर्भ में किसी भी कर्म के परिणाम का केवल आपेक्षिक महत्व होता है । बहुधा प्रारम्भ में अत्यन्त विषाद का अनुभव प्रदान करने वाला परिणाम भी कुछ समय बाद हितकर सिद्ध होता है, और

तब प्रारम्भिक विषाद अथवा क्रोध पर हम पछताते हैं। यदि घटनाओं के प्रति व्यापकतम दृष्टि रखने का स्वभाव बन जाये तो राग-द्वेषात्मक आसक्ति से सहज ही मुक्ति प्राप्त की जा सकती है।

ऐसा स्वभाव विकसित करने का एक उपाय भारतीय दर्शन में निरन्तर मनन और चिन्तन द्वारा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान लेना, और इस प्रकार अनुचित तादात्म्य का परिहार कर देना बताया गया है। वास्तव में अनुचित तादात्म्य ही आसक्ति का मूल है। स्वदेन्द्रिय के साथ अपना तादात्म्य कर लेने वाला व्यक्ति ही विशेष प्रकार का भोजन न मिलने पर अपने को विनष्ट मान कर क्षुब्ध होता है और राग-द्वेषात्मक उत्तेजना का शिकार बनता है; और इस प्रकार अपने लिए बन्धनों का ताना बाना बुनता जाता है। अपने स्वरूप के विषय में जिस ने जितने ही व्यापक दृष्टिकोण को अपनाया है, वह अनुचित तादात्म्य से उतना ही बचता है, और राग-द्वेषात्मक आसक्ति द्वारा उत्पन्न कर्मों के बन्धन में नहीं फँसता। शुद्ध ज्ञान प्राप्त होने पर स्वभावतः ही अनासक्त कर्म होने लगते हैं, और व्यक्ति उत्तरोत्तर चरम लक्ष्य की दिशा में बढ़ता जाता है।

शुद्ध ज्ञान अर्थात् सम्यक् या व्यापक दृष्टि के मार्ग से चल कर चरम लक्ष्य तक पहुँचने में एक कठिनाई यह आती है कि जब तक शुद्ध ज्ञान उत्पन्न हो कर पूर्णतः स्थिर रूप से स्थित नहीं हो जाता, तब तक सक्त कर्म होते रहते हैं, और संस्कारों का निर्माण होता रहता है। इस के अतिरिक्त ज्ञान यदि केवल सूचना के रूप में रहता है और तदनुकूल व्यवहार का विकास नहीं होता तो ऐसा ज्ञान जीवन के चरम लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध नहीं होता। प्राचीन यूनानी नीति शास्त्र में सुकरात के 'नैतिक श्रेष्ठता *[virtue]* का मूल तत्त्व ज्ञान है', इस सिद्धांत के विरुद्ध अरस्तू ने अभ्यास *[Habit]* को नैतिक श्रेष्ठता के मूल तत्त्व के रूप में प्रतिष्ठित किया है। अतः इन कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुये भारतीय दर्शन में लक्ष्य की प्राप्ति का दूसरा उपाय 'निष्काम कर्म' का सतत अभ्यास बताया गया है। परिणाम की चिन्ता छोड़कर केवल कर्त्तव्य

कर्म का अभ्यास करते रहने से धीरे धीरे सम्यक् दृष्टि या शुद्ध ज्ञान का भी स्वतः ही विकास होता जाता है, जिस के साथ ही साथ अनासक्त रह कर कर्तव्य कर्म का अभ्यास भी स्वाभाविक रूप ग्रहण करता जाता है; प्रारम्भ में कर्तव्य-पालन के साथ जो कष्ट की वेदना रहती है, वह धीरे धीरे दूर होती जाती है। दूसरे शब्दों में अनासक्त कर्म अभ्यास का विषय न रह कर अभ्यासी का स्वभाव या रहनी बन जाता है। भारतीय संस्कृतिके इतिहास में कभी कभी --विशेषतः आधुनिक युग में गांधी जी और तिलक आदि द्वारा गीता की व्याख्या में—इस कर्म मार्ग की श्रेष्ठता पर अपेक्षाकृत अधिक बल दिया गया है। (आधुनिक युग में आध्यात्मिक लक्ष्य-मोक्ष-की अपेक्षा सामाजिक नैतिकता के लक्ष्य-कर्तव्य-पर अधिक बल दिया गया है। ऐसा दृष्टिकोण युग की माँग के अनुकूल होने पर भी भारतीय दर्शन के साधना पक्ष को परिपूर्ण रूप में प्रस्तुत नहीं कर पाता।)

कर्म मार्ग में भी एक कठिनाई आती है। वास्तविक उद्देश्य तो आसक्ति का परित्याग है। शुद्ध ज्ञान तो आसक्ति को नष्ट करने का साधन बन जाता है; किन्तु अनासक्त कर्म मार्ग को अपनाने पर यह प्रश्न ज्यों का त्यों ही रह जाता है कि 'अनासक्ति कैसे पैदा हो'! कर्म करते रह कर उन के फल के प्रति आसक्ति न पैदा होने देने का निषेधात्मक उपदेश व्यावहारिक स्तर पर थोथा प्रवचन, बल्कि निरर्थक प्रलाप मात्र ही सिद्ध होता है—यह किसी भी सच्ची लगन के साधक के अनुभव की बात है। इतना ही नहीं किसी भावात्मक उद्देश्य के अभाव में कर्म-फल के प्रति उदासीनता का भाव बनाने का प्रयास मानसिक उत्तेजना उत्पन्न करता है, जो स्वयं संस्कार--निर्माण का आधार बन जाता है, और साधक को वास्तविक लक्ष्य के ठीक विपरीत दिशा में ले जाता है। इसी प्रकार का निषेधात्मक आदर्श अनेक हास्यास्पद विकृत अभ्यासों को जन्म देता है, उदाहरणार्थ इन्द्रियासक्ति को जीतने के लिये सभी प्रकार के स्वाद वाले व्यञ्जनों को एक साथ मिलाकर खाना, अखाद्य वस्तुओं का खाद्य के रूप में सेवन, स्त्री--सहवास करते हुए चित्त को स्थिर

करने का अभ्यास इत्यादि ।

अत: भारतीय दर्शन में मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न तीसरी विधि का निरूपण किया गया है, जिसे पारिभाषिक शब्दों में 'भक्ति–मार्ग' कहा जाता है । आसक्ति का परित्याग करने की सुगम और स्वाभाविक विधि यही है, कि कोई एक आसक्ति पैदा कर ली जाये । किसी एक के प्रति लगाव पैदा होते ही मन स्वय सब ओर से खिंच आता है । कबीर के शब्दों में—

मन पंछी तब लौं उड़ै विषय–वासना माँहि ।
प्रेम–बाज की झपट में, जब लगि आवत नाहिं ॥

इस विधि के अन्तर्गत 'ज्ञान मार्ग और 'कर्म मार्ग' की जिन कठिनाइयों का ऊपर उल्लेख किया गया है, उनका स्वत: ही परिहार हो जाता है । अनासक्ति उत्पन्न करने के लिए स्वाभाविक प्रवृत्तियों का कठोरता पूर्वक दमन नहीं करना पड़ता; जिस एक के प्रति आसक्ति उत्पन्न हो जाती है, उस के खयाल में डूबे रहने पर परिस्थितियों वश जो प्राकृतिक कर्म होते रहते हैं, उन का बन्धन उत्पन्न करने वाला कोई स्थायी प्रभाव शेष नहीं रहता । कर्मों के प्रति दक्षता और कुशलता में भी कोई कमी नहीं आती, क्यों कि वह 'प्रियतम' के प्रति समर्पित होते हैं, और यह किसी भी साधारण प्रेमी का अनुभव है कि प्रेम-पात्र के लिए जो कम किये जाते हैं, वह अधिक दक्षता पूर्वक सम्पन्न होते हैं, यद्यपि उनमे ठोस अर्थ में स्वार्थ की सिद्धि नहीं होती । इस के अतिरिक्त प्रेम का स्वरूप ही आत्म—विस्मृति मूलक है, और यह भी किसी भी साधारण कर्मठ व्यक्ति का अनुभव है कि आत्म-विस्मृति की अवस्था में किये गये कर्म अधिक सुचारु रूप से सम्पन्न होते हैं । भक्ति मार्ग से चलने पर भी शुद्ध ज्ञान या सम्यक् दृष्टि धीरे धीरे विकसित होती है, किन्तु इस ज्ञान में शुष्कता और घृणा को जन्म देने वाले विकृत वैराग्य का पुट नहीं होता । श्री मद्भागवत में उद्धव के आख्यान द्वारा यही बात स्पष्ट की गई है । वेदान्त के आचार्यों ने थोड़े बहुत सैद्धान्तिक अन्तर के साथ अपने अपने विशिष्ट ढङ्ग से इसी

भक्ति मार्ग की श्रेष्ठता का निरूपण किया है, जिस के परिणाम स्वरूप मध्य--युगीन सन्त–साधना का विकास हुआ । सहज--मार्ग साधना पद्धति में इसी भावात्मक मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न विधि पर बल दिया गया है ।

'भक्ति' शब्द धार्मिक रहस्यवाद के संदर्भ (context) में अत्यंत विकृत अर्थ अर्जन कर चुका है । धर्म के इतिहास में इस शब्द की आड़ में अनेक सामाजिक कुरीतियों और अन्ध विश्वासों को प्रश्रय प्राप्त हुआ है । अत: वैज्ञानिक दृष्टि से चरम लक्ष्य के प्राप्ति की यह सर्व श्रेष्ठ विधि जुगुप्सा और उपेक्षा का विषय रही है । वास्तव में उस के महत्व का मनोवैज्ञानिक दृष्टि से विवेचन अपेक्षित है । सहज--मार्ग साधना पद्धति में 'भक्ति' को जिस रूप में महत्व दिया गया है, उसके विषय में निम्नांकित दो बातें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं:—

(१) 'भक्ति' स्वयं साध्य नहीं, किन्तु चरम लक्ष्य की प्राप्ति का साधन मात्र है । यह बात अलग है कि जिस साधन द्वारा हम लक्ष्य तक पहुँचते हैं, लक्ष्य पर पहुँच जाने के बाद भी उस को न छोड़ें; किन्तु साधन से इस प्रकार चिपक जाना कि साध्य से ही नाता टूट जाये, नितान्त अनुचित है ।

(२) 'भक्ति' को 'संस्कार-शून्यता' के साधन 'अनासक्ति' की संप्राप्ति के निमित्त श्रेष्ठतम विधि के रूप में अपनाने पर यह प्रश्न स्वाभाविक ही उत्पन्न होता है, कि 'भक्ति' का विषय (object)कौन होना चाहिये ! इसी प्रश्न पर हम इस पत्रिका के अगले अङ्क में विचार करेंगे ।

—सम्पादक

कर्म*

(समर्थ गुरू महात्मा रामचन्द्र जी महाराज फतेहगढ़)

कर्म की जरूरत क्या है ? कर्म जिन्दगी के ज़ाहिर होने का कानून है । बिना कर्म के अस्तित्व की कल्पना और सम्भावना नहीं होती । इस लिए हर शरीरधारी अस्तित्व को कर्म करना पड़ता है, पड़ा है और पड़ेगा । जिन्दगी बिना ज़ाहिर (व्यक्त) हुए नहीं रह सकती है । यह हर अस्तित्व का प्राकृतिक गुण है । कोई जिन्दगी अपने को व्यक्त करने से रुक नहीं सकती है । इसका प्राकृतिक व्यवहार प्राकृतिक नियम के अनुसार है । लेकिन कर्म सदा नहीं रहता । हरकत[1] के बाद सुकून[2] की हालत आती है । कर्म शाश्वत नहीं है, लेकिन जिस को शाँति और आनन्द कहा जाता है, क्या वह भी कर्म नहीं है ! तीनों प्रकार के शरीर मिल जुल कर कर्म में लगे रहते हैं । स्थूल देह में शारीरिक हरकत है, सूक्ष्म देह में विचार-सम्बन्धी हरकत है और कारण शरीर में शान्ति या ठहराव-सम्बन्धी हरकत है जिसको आनन्द कहा जाता है ।

शरीर (जिस्म), हृदय (दिल), और आत्मा (रूह) तीनों ही देह या शरीर हैं । स्थूल शरीर कर्मेन्द्रियों और ज्ञानेन्द्रियों की हरकत के लिए मख़सूस[3] है; हृदय विचार और चिन्तन की ख़याली हरकत अपने अन्दर रखता है, जिसमें सूक्ष्म (लतीफ) कर्मेन्द्रियाँ और ज्ञानेन्द्रियाँ शामिल रहती हैं और इसमें हरकत व सुकून दोनों ही हैं, और आत्मा का कर्म (फेल) सुकून है, जिसके अन्दर तीनों प्रकार की हरकतें बीज रूप से रहती हैं । शरीर और हृदय की ही भाँति आत्मा भी कर्म से ख़ाली नहीं है । लेकिन यहाँ इस लेख में इस

*पिछले अङ्कों में प्रकाशित 'वेद' शीर्षक लेख के आगे का लेख ।

१-गति *(Movement)* २-ठहराव *(Rest)* ३-विशिष्ट *(Specialized or characteristic)*

समय कर्म का अर्थ केवल वह बाह्य व्यक्त और स्थूल मांस और त्वचा वाले शरीर का कर्म है, जिसको वेद-आरम्भ अर्थात् वेद का प्रारम्भिक स्वरूप कहा जाता है । इसी को अधिकतर कर्म कहा जाता है । देह शब्द संस्कृत धातु 'दिह्' से निकला है, जिसका अर्थ इकट्ठा करना जमा करना या समेटना है । यह शरीर चूँकि तत्वों के मेल से बना है और उनके एक दूसरे के साथ इकट्ठा होने से उसकी तरकीब[4] व तरतीब[5] हुई है, और साथ ही यह इकट्ठा करने का आकांक्षी रहता है, अतः इसी विशेषता के कारण ऋषियों ने इसका नाम देह रक्खा है । प्राकृतिक व्यवस्था में सिमटाव के साथ बिखराव, जमा[6] के साथ तफरीक[7] और ज़रब[8] के साथ तकसीम[9] के सिद्धान्त भी काम कर रहे हैं, क्यों कि यह संसार (जगत) द्वन्द्व का स्थान है । यह परस्पर विरोधी तत्वों का संग्रह है । देह या शरीर भी इसी कारण दाखिल-ख़ारिज[10] अर्थात् ग्रहण और त्याग के परस्पर विरोधी दोनों प्रकार के कर्म करता है । यह भी एक प्रकार का प्राकृतिक नियम है ।

(१) स्थूल देह (जिस्म कसीफ़) स्थूल तत्वों के मेल से बना है
(२) सूक्ष्म देह (दिल) सूक्ष्म तत्वों के मेल से बना है :
(३) कारण देह (रूह) कारण तत्वों के मेल से बना है ।

—स्थूल तत्व ये हैं—(क) आकाश (ख) वायु (ग) अग्नि (घ) जल (ङ) पृथ्वी—इनके अणुओं से स्थूल देह व्यवस्थित और संघटित हुई है ।

—सूक्ष्म तत्व ये हैं—(क) शब्द (ख) स्पर्श (ग) रूप (घ) रस (ङ) गन्ध—इनके अणुओं से सूक्ष्म शरीर बना है ।

४- संघटन *(organesation)*
५- व्यवस्थापक *(Systematisation)*
६- धन *(Addition)*
७- ऋण *(Subtractiou)*
८- गुणा *(Multiplication)*
९- भाग *(Division)*
१०- *Taking in and expelling out*

—कारण तत्व—ऊपर के पाँच तत्वों के जो बीज रूप कारण मात्र परमाणु हैं उनसे कारण देह का निर्माण हुआ है। इन तीनों शरीरों का सघटन और व्यवस्था अणुओं के मेल से ही होता है, और यही कारण है कि तीनों के गुण, कर्म और स्वभाव उन अणुओं के अनुसार होते हैं।

यदि किसी ने आत्मा अर्थात् रूह को मिश्रित[11] (मुरक्कब) नहीं माना, तो क्या उसके न जानने से असलियत में कोई फ़र्क़ आता है। जिसको जहाँ तक समझ है उसने वहाँ तक समझा। इसके समझने में वेदान्ती, साँख्यवादी, योगी, बल्कि ऋषियों और मुनियों ने भी धोका खाया है। तीन देहों को तो शास्त्र तक ने माना है, किन्तु इसका खयाल तक न हुआ कि यह कारण देह आत्मा अर्थात् रूह ही है। आत्मा शब्द की व्युत्पत्ति (*etymology*) पर विचार करना चाहिए।

आत्मा सस्कृत भाषा के 'आत्' और 'मनन' से मिल कर बना है। 'आत्' का अर्थ गति अर्थात् हरकत और 'मनन' का अर्थ सोचना है। जिसमें हरकत और विचार व चिन्तन हो वह आत्मा है। यह आत्मा ही कारण शरीर है, जो बीज रूप है, और स्वय मिश्रित अर्थात् मुरक्कब है। इसी की अभिव्यक्ति (*expression*) जिस्म (स्थूल शरीर) और दिल (सूक्ष्म शरीर) के क्षेत्रों में होती है। यह उठ कर जब जागृत् के क्षेत्र में आता है तो ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों में उसकी धार की हरकत से हरकत आती है; और जब यह दिल के स्थान (स्वप्न-अवस्था) में आता है तो विचार और चिन्तन में रहता है; और जब अपनी धार को सुषुप्ति की हालत में समेट लेता है तो अपने रूप में मग्न हो कर अपना सुख भोगता है। और जब जिस वस्तु में हरकत, चिन्तन और मग्नता की विभिन्न अवस्थाएँ हों तो फिर वह अमिश्रित[12] (सुफ़रद) किस तरह हो सकती है, उसको तो मिश्रित अर्थात् मुरक्कब ही होना चाहिए।

११- *Compound, Divisilble*

१२—*Simple, Indivisible*

कर्म केवल स्थूल देह का धर्म है। जिस तरह देह की बनावट प्राकृतिक है, और उसी के अनुसार शुभ और अशुभ फूल का नियम भी प्राकृतिक है। हर शरीर धारी जीव है। जीव कहते हैं जीवित अस्तित्व को जो गतिशील है, और उसकी हरकत में प्रगति और विचार और चिन्तन का सिद्धान्त काम करता है।

जीव आत्मा है। क्योंकि जिसमें 'आत्'=हरकत अर्थात् गति और 'मनन'=सोच समझ अर्थात् विचार और चिन्तन हो वह आत्मा है। यह आत्मा बृह्म है। बृह्म बढ़ने और सोचने वाली सृष्टि को कहते हैं। यह बृह्म संस्कृत धातु 'बृह्म' अर्थात् बढ़ना और 'मनन' अर्थात् सोचना से निकला है। जो हरकत करे और सोचे वह आत्मा है; और जो बढ़े और सोचें वह बृह्म है। इस दृष्टि से जहाँ जीव है सब ही बृह्म है। हरकत और प्रगति लगभग समानार्थक हैं। यह माना कि हरकत में बढ़ना और घटना दोनों ही हैं, लेकिन यह दोनों ही प्रगति के सिद्धान्त कहे जाते हैं। बढ़ना अग्रगामी (Progressive) प्रगति है और घटना प्रतिगामी(Regressive) प्रगति है। दोनों ही हालतों में बढ़ने का अभिप्राय सम्मिलित है। एक तो ऊपर की तरफ़ उछालती या आगे की तरफ ढकेलती है और दूसरी नीचे गिराती या पीछे की ओर ले जाती है; लेकिन इस गिरने या घटने अर्थात् रेंगने या सिकुड़ने में बढ़ने का ही भाव रहता है, घटने के भाव का पता तक नहीं है। जिस तरह चलती हुई गाड़ी के पहिये आगे-पीछे की ओर हरकत करते हुये बढ़ते ही जाते हैं, वैसे ही जीव, आत्मा या बृह्म की दशा है। हरकत या बढ़ना स्थूल देह का गुण है और सोचना समझना सूक्ष्म देह का गुण है। यह दोनों मिले जुले काम करते रहते हैं। अतः यदि उनका रुख (direction) प्राकृतिक मिलान और गुण के अनुसार प्रगति की ओर है तो काम बराबर होता रहता है। किन्तु यदि दिल अर्थात् सूक्ष्म शरीर में वैयक्तिक एकत्व (personal individuality) का खयाल आ गया तो फिर उस के भीतर के अन्दर विचार रूप में 'नेकनीयती' और 'बदनियती' (right and wrong intention) का खयाल पैदा हो जाता है। इस नेकनीयती या बदनीयती के अन्दर स्वतः ही अच्छे और बुरे बदले

का ख़याल आ जाता है । नीयत (intention) वाला व्यक्ति जानता रहता है कि नेकी अच्छी और बदी बुरी है और जहां यह ख्याल होता है, वहाँ शुभाशुभ फल का नियम भी लागू हो जाता है; और उसके अन्तर्गत जीव को बुरा और भला बदला अपने आप मिलता है । यही शुभाशुभ फल है । यह वैसा ही प्राकृतिक है जैसा कि बढ़ना और सोचना । जिस वैयक्तिक अस्तित्व अथवा व्यक्तित्व में नेकी और बदी का ख्याल (भ्रम) नहीं है या जिसको नेकनीयती या बदनीयती का ख्याल भी नहीं है, उसके लिये शुभाशुभ परिणाम भी नहीं है । वह केवल बढ़ता, सोचता और चलता है जैसी कि मनुष्य के कम उम्र के बच्चे की हालत होती है ।

प्रत्येक व्यक्त अस्तित्व में तीनों ही शरीर मौजूद हैं । लेकिन चूँकि किसी में किसी की विशेषता अधिक और किसी में कम है, अतः विभिन्न स्थितियाँ (Stages) स्थापित की जाती हैं:—

(१) खनिज पदार्थों (Minerals) में कारण देह ही स्थूल है । दूसरे देह इसी के अन्तर्गत है, और वह बाह्य रूप से सवेदनहीनता (Insensibility) की दशा में रहते हुए अणुओं को अपने अन्दर खींचते, मिलाते और सोखते हैं जैसे गहरी नींद में आदमी को कोई दूध पिला कर रखे । इसमें स्थूल दशा में कारण देह है और सुषुप्ति अवस्था है ।

(२) वनस्पतियों में कारण देह के साथ स्थूल देह है और सूक्ष्म देह उसके अन्तर्गत है । वह हरकत और बेहरकत वाले इस प्रकार अणुओं को खींच-खींच कर अपने में मिलाते और सोखते हैं, जैसी कि नवजात शिशु की दशा होती है । इनमें स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था होती है ।

(३) पशुओं में कारण, सूक्ष्म और स्थूल देह तीनों ही हैं । और तीनों ही में वह रहते हुए खाते-पीते, सोते--जागते और सुख-दुख भोगते हैं । उनमें जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों ही अवस्थाएँ हैं ।

(४) मनुष्यों में कारण, सूक्ष्म और स्थूल देह तीनों हैं । उन्हीं के सिलसिले में उनके भरण-पोषण, प्रगति, विचार और सुख को बल प्राप्त होता रहता है । इनमें से किन्हीं किन्हीं में एक प्रकार की चौथी हालत भी रहती है जिसकी चर्चा इस सिलसिले के अन्त में आयेगी ।

(क्रमशः)

ग़रीबी

ग़रीबी की हालत वह है जिसको लोग तरसते चले गए हैं, और सम्भव है इसका मज़ा बहुत से ऋषियों ने भी न चखा हो । मालदार आदमी के पास सब कुछ होता है, ग़रीब आदमी के पास कुछ नहीं होता है । अब जिसके पास कुछ नहीं है उसके पास क्या चीज़ हो सकती है जो दूसरों को दे ? अब यदि दे तो उस चीज़ का नाम 'कुछ नहीं' रख लिया जाये तो यह एक ऐसी चीज़ बन जाती है जो कि देने क़ाबिल नहीं रहती । एक धनी आदमी अपनी पूँजी दूसरों को दे सकता था । जब ग़रीबी बढ़ती गई, उसका देना कम होता गया । जब कुछ न रहा, कुछ न देसका । अब अगर उससे माँगकर देखो तो भला उसके पास क्या है जो देगा ? अगर मुझको ऐसा ही समझ लिया जावे, तो मेरे पास देने को कुछ नहीं रहता । हाँ इसके अन्दर एक बात ज़रूर है कि कुछ नहीं की तह में यानी जिसको 'कुछ नहीं' कहा है, कोई चीज़ ज़रूर है जो दी जा सकती है । इसके आगे यह भी नहीं रहता। वहाँ पर देना और लेना सब समाप्त हो जाता है । अब इस हालत में पहुँचने के लिए तरीक़ा बिल्कुल साफ़ है कि एक मालदार आदमी के पास जो कुछ हो उसको छीनता चले । आख़िर में जब उसके पास कुछ न रह जायेगा तो वह ग़रीबी की हालत पर आ जायेगा । किन्तु अब यह प्रश्न उठता कि किसी का माल असबाब छीनना शास्त्र के विरुद्ध तो न होगा ? अगर इसका जवाब कोई यह दे कि सामान रहते हुये उससे बेखबर हो जावे, तो यह सवाल पैदा होता है कि किसी न किसी शक़्ल में सामान तो उसके पास रहा ही फिर सामान रहते

—'अनन्त यात्रा' स्तम्भ में प्रकाशित पत्र
व्यावहार का नम्बर २६

हुये ग़रीबी कैसे आसकती है और अगर बेख़बर भी हो गया हो तो समय पर ज़रूरत उसको सचेत कर देगी। अब क्या होना चाहिए ? बस यही तरक़ीब हो सकती है कि सामान को ऐसी जगह रखवा देवें कि ज़रूरत पड़ने पर उसकी ख़बर हो जावे, तो फिर यह ख़याल पैदा होता है कि यह चीज़ धरोहर रक्खी हुई है। यह शुरू का तरीक़ा है और आगे बढ़ने पर इस सामान को जो बतौर धरोहर दूसरे के पास रक्खा हुआ है 'उसका' ही समझ लें और अपना कोई अधिकार उस पर बाक़ी न रक्खें, तब यह बात पैदा हो सकती है कि सब कुछ होते हुये अपने पास कुछ न महसूस हो: अब मान लो कि हमारे पास जो अंदरूनी ताक़तें और सिद्धियाँ हैं यानी जो ताक़तें हमको ईश्वर से मिली है उसको अगर हम सब ईश्वर की समझ लेवें और उसको इन पर क़ाबू और अख़्तियार दे देवें, या दूसरे शब्दों में इनको 'उसके' हाथ बेच डालें तो हम हर चीज़ से ख़ाली हो जाते हैं। अब यह चीज़ पैदा होती है कि ऐसे अमानतदार को ढूँढ़ें कैसे, कि यह चीज़ उसके हवाले कर सकें ? वह तो इतनी दूर है जैसा कि ख़याल है कि वहाँ तक पहुँचना कठिन है और अगर वह सबसे नज़दीक भी है तो उसका यह हाल है कि जैसे अपनी आँख ख़ुद अपनी आँख को नहीं देख सकती है। तो भला ऐसे अमानतदार को कैसे पावें ? जवाब इसका यही है कि हम अगर सिर से पैर तक आँख बन जावें, तो कम से कम हमको कहने को ज़रूर रह जायेगा कि हम अब कुल आँख ही आँख हो गये। अब ज़रूरत सिर्फ़ इस बात की रह जायेगी कि हम उसको तलाश करें। जब हम कुल आँख ही आँख बन गये तो इसके माने यह हुये कि देखने की ताक़त हमारे कुल बदन में है। अब देखना क्या रहा जब हम कुल आँख ही आँख रह गये और अब हमारे पास सिवाय इस चीज़ के कुछ न रह गया। अब यह बात भी जाती रही कि आँख को आँख नहीं देख सकती, इसलिए कि वह ताक़त जो उसके देखने की तरफ़ हमको मायल कर रही थी, उसका अब ख़ात्मा होगया और इसलिए कि उन ताक़तों की जगह पर जो अनेक रूप में हैं, अब आँख ही रह गई है। अब तो बेटा, यह हो गया है कि हर तरफ़ वह चीज़ है जिससे कि रोशनी निकलती है। जो आँख, आँख को देखना चाहती थी वह अब सर से पैर तक

एक हो गई है। उसको देखने की अब अपने आप को ज़रूरत भी नहीं रही।

इस कुल इबारत का मज़मून यह है कि जैसे आँख ही आँख अपने में दिखलाई देती थीं तो वह चीज़ें जाती रहीं, जिससे आँख को आँख देख सकती थी। इसी तरह से अगर हम बजाय आँख के ईश्वर ही ईश्वर को भास करने लगें तो फिर हमको अमानतदार की तलाश नहीं रह जाती। इसलिए कि फिर वह कुल चीज़ असली रूप में हो जाती है, जिसको हम अमानतदार के हवाले करना चाहते थे। अब ग़रीबी आई मगर हमको मालदारी और ग़रीबी दोनों का ख़ात्मा करना है, जो तभी हो सकता है कि बजाय कुल सिर से पैर तक आँख बनने के वही असली आँख जो ईश्वर है बन जावे। और ऐसा स्वाभाविक कि इसका भी पता न रहे, तब मालदारी और ग़रीबी दोनों ग़ायब होती हैं।

पिछली चिट्ठी में जो मैंने अपनी ग़रीबी का ज़िक्र किया था वह हालत बन्दे की है और इसके आगे बड़ी Personality और इससे आगे अवतारों की है। इस पत्र का उत्तर अगर तुम लिखो तो मेरा दिल बड़ा ख़ुश हो और लिखो ही क्या, ऐसा ही होने की प्रार्थना करो। ईश्वर से कुछ दूर नहीं वह सब कुछ कर सकता है। तुम जब शाहजहाँपुर आये थे तो तुमने कहा था कि बाबूजी मुझे नौकर रख लो। मैं इन प्रेम भरे शब्दों से ख़ुश हुआ। बेटा केवल तन्दुरुस्ती का इंतज़ार है और इसी की वजह से धीरे धीरे का मज़मून है वरना रूहानियत असल रूप में पैदा हो जाना एक क्षण-मात्र का काम है। इस नौकरी की तनख़्वाह तुमने छः सिटिङ्ग रोज़ माँगी हैं। ईश्वर ने चाहा तो तुम्हारी वह हालत पैदा होगी कि हर समय सिटिङ्ग ही सिटिङ्ग रहेगी। फिर क्या होगा जिसका मैं नौकर हूँ उसकी ही नौकरी तुम कर लेना। मैं तो कुल दुनिया को चाहता हूँ कि मुझसे अच्छी बने और मेरी प्रार्थना भी यही है कि इसके बदले में मुझे चाहे जितनी सजायें भी मिलें मुझे सब बरदाश्त हैं। इस पत्र में मैंने वैराग्य और लय-अवस्था बतलाई है और यह भी दिखलाया है कि ईश्वर-दर्शन क्या है ? ईश्वर-दर्शन की हालत और

उसका आनन्द ऐसा समझ लो जैसे संग (पत्थर) बे—नमक और आखिर में यही कैफियत हो जाती है । इसके लिएजन्म जन्मान्तर लोग मेहनत करते हैं और इसके एवज़ में जो मिलता है उसको अगर शुरू में दे दिया जावे तो लोग भागने के लिए तैयार हो जायें और ईश्वर की तरफ़ कोई न राग़िब हो]

—:o:—

भजन

❀ ❀ ❀

आपुन पौ आपुन ही मैं पायौ ।

सब्दहि सब्द भयौ उजियारौ, सतगुरु भेद बतायौ ॥
ज्यों कुरंग–नाभी कस्तूरी, ढूँढ़त फिरत भुलायौ ।
फिरि चितयौ जब चेतन ह्वै करि, अपनैं ही तन छायौ ॥
राज–कुमारि कंठ–मनि–भूषन, भ्रम भयौ कहूँ गँवायौ ।
दियौ बताइ और सखियनि तब, तनु कौ ताप नसायौ ॥
सपने माहिं नारि को भ्रम भयौ, बालक कहूँ हिरायौ ।
जागि लख्यौ, ज्यौं कौ त्यौं ही है, ना कहुँ गयौ न आयौ ॥
सूरदास समुझै की यह गति, मन मन ही मुसुकायौ ।
कहि न जाइ या सुख की महिमा, ज्यौं गूँगे गुर खायौ ॥

—सूरदास

———

अनन्त यात्रा

[इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म–विद्या को सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिये सुलभ करना है । एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र-व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है । पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं । अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जा रही हैं । —सम्पादक]

(पत्र संख्या २१)

परम पूज्य श्रद्धेय 'श्री बाबू जी' के

चरणों में सादर प्रणाम ।

कृपा–पत्र आपका मिला—पढ़कर प्रसन्नता हुई । मेरा एक पत्र आपको मिला होगा, तबसे दशा में कोई अधिक परिवर्तन तो नहीं हुआ; हाँ कभी कभी मस्तक पर बीच में से शान्ति निकलती मालूम पड़ती है । Sitting लेने पर कभी कभी जब दृष्टि वहां ठहर जाती है तो ऐसा मालूम पड़ता है कि मस्तक में गोल चक्र सा है और उसमें कुछ स्पन्दन सा मालूम पड़ता है । वैसे दशा तो अब यह है कि खिंदापन तो जा रहा है, उसकी जगह मुर्दापन अधिक बढ़ रहा है ।

पूज्य श्री बाबू जी, चैन की जगह बेचैनी भी अन्दर ही अन्दर बढ़ रही हैं । केवल अपने 'प्रभु' से मिलने की उत्कंठा में मुझे कुछ भी अच्छा नहीं लगता है । यह आप या पूज्य……ही जानें कि क्या अवस्था बढ़ रही है; मुझे तो केवल इतना मालूम है कि 'आपका' सहारा पाकर भी यदि उस सर्वशक्तिमान ईश्वर को न पाया तो मुझे धिक्कार है । यदि इस चीज़ में उन्नति का ओर छोर नहीं है तो 'आपके' आशीर्वाद से और ईश्वर की कृपा से

जहाँ तक हो सकेगा उस ईश्वर को प्राप्त करने की इच्छा और 'उसकी' याद का भी ओर छोर नहीं रहने दूँगा। आपने लिखा है कि सिर्फ 'ईश्वर' ही पूर्ण है और सब अपूर्ण हैं, तो मैं भी पूर्ण को ही प्राप्त करके पूर्ण ही न हो जाऊँ, अपूर्ण क्यों रहूँ। 'आपके' कथनानुसार बस आज से कभी भी किसी के लिये बुरी बात मेरे मुख से नहीं निकल सकती चाहे जो भी हो जाये। 'आप' कितने स्नेही एवं दयालु हैं कि मेरी मानसिक उन्नति के साथ शरीर की उन्नति के लिए भी कितने परेशान होते हैं।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या २२)

परम पूज्य श्रद्धेय 'श्री बाबू जी' के

चरणों में सादर प्रणाम

मेरा पत्र आपको मिला होगा। कृपा-पत्र आपका स्वयं लिखा हुआ जो पूज्य.....के लिये आया था उसे सुनकर बड़ी प्रसन्नता हुई। मैंने जो दशा आपको पहले लिखी थी अब वह बात तो नहीं मालूम पड़ती परन्तु न जाने क्यों अब जब कोई ईश्वर-प्रेम की बातें करने लगता है तो प्रेम तो मुझे नहीं मालूम पड़ता, किन्तु स्वतः ही रुलाई बहुत आने लगती है, और रोकने से भी नहीं रुकती है।

मेरे श्री बाबू जी, अब तो हर समय बहुत सरलता और हल्कापन मालूम पड़ता है। ऐसा मालूम पड़ता है कि हृदय का सारा बोझ उतर गया है। कभी कभी जब कोई आ जाता है या मैं ही कहीं जाता हूँ तो सबसे बात करते करते बीच में मन की तरफ देखता हूँ तो ऐसा मालूम पड़ता है कि मानों वह कहीं लगा हुआ है। माथे में कुछ गुदगुदी सी अधिक मालूम पड़ती है। जैसे दिमाग सो जाता था वैसे ही बैठे बैठे माथे और नाभि में भी शून्यता मालूम पड़ती है। कभी कभी नाभि में कुछ धड़कन भी मालूम पड़ने लगती है। वैसे अब मुझे न जाने क्या हो गया है कि अधिकतर तो अपना शरीर ही नहीं मालूम पड़ता है। बीच

में दो दिन दिमाग में कुछ बेकार के विचार आ जाते थे, परन्तु मन देखने पर शान्त ही मालूम पड़ता था। अब दशा बहुत अच्छी मालूम पड़ती है। माथे से शान्ति अब भी निकलती मालूम पड़ती है। न मालूम क्यों ८-१० दिन से जो बात होने को होती है वह पहले से ही अपने आप ही मन में आने लगती है। असली हालत तो यही है कि जिन्दा से मुर्दा हो रहा हूँ। कृपया आप इस भिखारी के लिये 'मालिक' से 'उसका' प्रेम माँगना न भूलियेगा क्यों कि इसमें प्रेम की बहुत कमी है।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या २३)

परम पूज्य तथा श्रद्धेय 'बाबू जी' के

चरणों में सादर प्रणाम।

मेरा एक पत्र आपको मिला होगा। अब जो दशा है वह लिख रहा हूँ। कई दिनों से मन बिल्कुल डूबा सा रहता है। चाहे कुछ पढ़ूँ, बात करूँ या कुछ काम भी करने पर ऐसा ही मालूम पड़ता है, मानों अभी पूजा कर के उठा हूँ। रात में जब भी सो कर उठता हूँ तो ऐसा ही मालूम पड़ता है कि अभी पूजा ही कर रहा था। किसी भी बात का या काम का मन पर कोई असर नहीं मालूम पड़ता है। दिमाग में चाहे कोई विचार आ जावे परन्तु मन फिर भी मस्त ही रहता है।

मेरे 'श्री बाबू जी'; जरा सी Sitting लेना आरंभ करते ही शरीर बिल्कुल निश्चेष्ट सा होने लगता है। दिन भर में जो कुछ भी कर्म इस शरीर, मन व बुद्धि से बन पड़ते हैं बस ऐसा ही भाव रहता है कि बस 'मालिक' कर रहा है और 'उसी' की प्रेरणा से सब हो रहा है। स्वप्न में भी कभी ऐसा दिखाई देता है मानो 'आप' Sitting दे रहे हैं। जो कुछ भी दशा है 'आप' ही जानें, मुझे क्या करना। मैं तो 'मालिक' के अर्पण हो चुका हूँ। मुझे

तो केवल एकमात्र उसे ही प्राप्त करना है। 'आप' भी कृपा करके मुझे 'मालिक' के प्रेम से सराबोर रक्खें।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या २४)

'श्री बाबू जी' का उत्तर

प्रिय.....

आशीर्वाद।

मुझे हर्ष है कि ऐसे अच्छे पत्र आध्यात्मिक-उन्नति के मिले जाते हैं। ईश्वर को धन्यवाद है। मुझे कोई नहीं पूछता और न मेरी कोई ख़बर लेता है और पूछे भी कौन; जबकि मेरे पास ज़ाहिरा कोई दौलत मालूम नहीं होती। लोग आते तो अवश्य हैं और मुझसे सीखते भी हैं परन्तु, बहुत कम एक आध इस ग़रीब को पत्र द्वारा पूछ लेते हैं। मेरे पास अब सिवाय ग़रीबपन के और कुछ नहीं है जिससे लोग मेरी तरफ आकर्षित हों। तोशा (सफ़र का सामान) तो मैंने रक्खा ही नहीं क्यों कि अब सफ़र करना ही नहीं है। अब अगर किसी से मैं यह कहूँ कि तुम सफ़र करो अपने वतन का तो क्या वह यह कहने का हक़दार नहीं है कि ऐसे सफ़र से तो दरगुजरा की मंज़िल हासिल होते ही या उस पर पहुँचते ही अपना तोशा भी खो दूँ ? सामान जब सब खो दिया तो अपने पास रह ही क्या गया ? क्या सफ़र का यही नतीजा है ? फिर बातचीत और सत्संग से लोग जब यह जानने लगते हैं तो अक्सर उनकी तबियत हटने लगती है।

तो प्यारे बेटे, अब मेरे पास क्या है जो मैं तुम सबको दूँ। अगर खोई हुई चीज़ फिर से हासिल करने की कोशिश करूँ तो वह भी नहीं होता। इससे कि मैंने उससे इस सफ़र की क़ीमत अदा की है। अब रह क्या गया मेरे पास ? बस कुछ नहीं और इसको लेने के लिये इक्का दुक्का कठिनता से तैयार होते हैं। तो

क्या तुम्हें यह चीज़ भली मालूम होती है ? प्रेम और मोहब्बत जिसको तुम चाहते हो, मेरे पास अब वह भी नहीं रहा जो तुमको दे डालूँ। हाँ यह हो सकता है कि हम तुम दोनों हाथ पसार कर ईश्वर के सामने इसको देने की प्रार्थना करें। उसमें डर इस बात का है कि कहीं 'उसने' यह कह दिया कि जिसने मुझे अपना सब कुछ दे डाला, उसे अगर प्रेम दिया जाये तो क्या वह ग़रीब रख सकेगा। मुमकिन है कि ईश्वर अपना प्रेम तुमको दे देवे और भाई अपने लिए तो मुझे शक है कि जाने वह देगा या नहीं। इसलिए कि मेरी क़लई उस पर खुल चुकी है। तुमने जो कुछ भी हालत लिखी है, डर है कि मेरी तरह कहीं धोखे से इस सफ़र की क़ीमत अदा न कर दो और एक ग़रीब बेनवा (बेसरो-सामान) की तरह न बन जाओ।

तुम्हारा शुभचिन्तक
रामचन्द्र

(पत्र संख्या २५)

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्रीबाबू जी,

सादर प्रणाम।

आपके आशीर्वादों से भरा हुआ कृपा-पत्र प्राप्त हुआ-पढ़ कर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। थोड़ी देर तक तो मेरी दशा बिल्कुल अचेत सी हो गई थी। पूज्य श्रीबाबूजी, आप मुझे तो बस अपनी ग़रीबी ही दे दीजिये। मैं अमीर बन कर क्या करूँगा, और इस निर्बल शरीर में अमीरी को स्थाई रखने के लिए बल, बुद्धि एवं युक्ति भी तो नहीं है। रही सफ़र की बात सो अब सफ़र करते करते तो बहुत थक गया हूँ, अब तो ऐसे सफ़र से तो छुट्टी मिले ऐसी ही कृपा कीजिए।

श्रीबाबूजी; मैं तो सच्ची शपथ खाकर कहता हूँ कि इस चीज़ को लेने के लिए अपना सर्वस्व ही न्यौछावर कर चुका हूँ। अब यह चीज़ अच्छी हो या बुरी इससे तो इस ग़रीब को कोई मतलब

नहीं है। बस इसे तो लेना ही है । मैं कहूँ चाहे कुछ भी परन्तु सच तो यह है कि मुझे तो यह भी नहीं मालूम कि 'मालिक' से क्या माँगूँ । अब तो 'उसके' ही अर्पण हो चुका हूँ । रोम रोम उसी जगदीश्वर का हो चुका है । मेरा तो मैं स्वयं ही नहीं रह गया हूँ, अब तो जो उसकी मर्जी हो वह दे या न दे । अब करना भी क्या है। जिसकी चीज है वह स्वय फ़िक्र करेगा–मैं तो निर्द्वन्द्व हूँ । जब वह प्रेम देगा तो प्रेम में मस्त रहूँगा, ग़रीबी देगा तो उस ग़रीबी में ही मस्त हूँ । भाई अब तो वतन भी 'वही' है, सफ़र भी वही है, सामान भी वही है और मैं भी वही हूँ । अब तो शीघ्र ही बसंत-पंचमी में हम सब आयेंगे ।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या २६)

श्री बाबू जी का उत्तर

प्रिय..... .....

आशीर्वाद ।

पत्र तुम्हारा मिला । अब उत्सव के पश्चात् उसका उत्तर दे रहा हूँ । तुमने जो मेरे ख़त का जवाब दिया है यह उसका जवाब था जिसको मैंने लिखा है कि मैं बहुत ग़रीब हूँ ।

(शेष पत्र इसी अङ्क के पृष्ठ १३ पर 'ग़रीबी' शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित है]

शुभ चिन्तक
रामचन्द्र

(क्रमशः)

—☼—

साधन पथ

(कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी)

बहुधा साधकों के हृदय में यह प्रश्न रहता है कि हम कैसे जानें कि हम आध्यात्मिक-क्षेत्र में उन्नति पथ पर अग्रसर हो रहे है । प्रश्न तो यह साधारण ही है किन्तु इसका उत्तर कदाचित् गम्भीर हो सकता है । वह यह कि हमारे अंदर भी कोई अलौकिकता एवं विलक्षणता उत्पन्न होकर जीवन में ऐसी घर कर ले कि हमारा जीवन उस मय ही हो जावे । वैसे तो कोई न कोई विलक्षणता प्रत्येक मानव में पाई जाती है एवं महापुरुषों में कुछ विशेषता लिये होती है । किन्तु जहाँ तक इनका सम्बन्ध है वे त्रिगुणों, अर्थात् सत्त्व, रज एव तम के ही अन्तर्गत पाई जाती हैं । उदाहरण स्वरूप अमुक पुरुष के मुख पर ऐसी शान्ति बिराजती है मानों शान्ति की प्रतिमूर्ति ही हो; कहते हैं कि प्राचीन काल में ऋषियों के आश्रमों में सिंह एवं मृगशावक एक ही घाट पानी पीते थे इत्यादि २ । किन्तु साधकीय-जीवन में इन सब बातों की महानता केवल सत्त्व के प्रधान होने के लक्षण तक ही सीमित है । जहाँ तक आध्यात्मिक–उन्नति का प्रश्न उठता है वहां पर तो एक अनोखी पावन विलक्षणता ही उससे सम्बन्धित है । अर्थात् वह महानता एवं विशेषता जो हमारी अन्तरात्मा में या ईश्वर में पाई जाती हैं तथा जो संत, महात्माजन कहते चले आए एवं गीता में भी जिसका प्रमाण है कि:—

नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारूतः ॥

यही बातें हमारे जीवन में उतरने लग जायें ।

जब हम आध्यात्मिक–क्षेत्र में उन्नति करते हैं तो सर्व प्रथम

जो हमारी अन्तरात्मा की विलक्षणता की प्रशंसा में आना है कि 'संग रहते हुये भी असंग होना', यही विलक्षणता हमारे जीवन में घर करती जाती है। हम तमाम लौकिक-कर्म करते हुये भी उससे असंग अर्थात् अकर्त्ता ही रहते हैं। ऐसा तो होता ही है। क्यों कि ऐसा होना अनिवार्य ही है, एवं संस्कारों का बनना समाप्त होने का लक्षण भी यही है। किन्तु ऐसा होता तभी है जब कि हमारी साधना का पथ सहज, सीधा-सादा एव बाह्य-आडम्बरों से रहित होता है। इसकी पहचान भी यही है कि साधक, पथ में फिर कभी चैन से बैठने नहीं पाता है। खाना, पीना और सोना सब हराम हो जाता है। ऐसा तो होता ही है क्यों कि साधना अपने साध्य से योग कर देने का ही एक साधन होता है। साधन में हमारे प्रियतम ईश्वर की शक्ति एक समान गति से प्रवाहित रहती है जो कि सर्व प्रथम हमारे मन के चैन को ईश्वर की उसी प्रवाहित-शक्ति से बांध कर हमको संसार के कर्मों से बेसुध व बेबुद बना देती है; और स्वयं निरीक्षक बन जाती है कि न इधर के यानी संसार के कर्म में चूक होने पाये और न उधर के अर्थात् मन की उच्चतम अवस्था में किंचित मात्र भी अन्तर आने पाये। इश्वर के स्मरण एवं ध्यान की वास्तविक स्थिति भी यही है कि "दुरंगी छोड़ कर एक रंग होजा, सरापा मोम हो या संग हो जा"! आत्मिक उन्नति की कसौटी की परिभाषा भी यही है।

लेखक स्टीवेन्सन का कथन है कि सरलता ही मुक्ति है और जटिलता ही बन्धन है और आध्यात्मिक-क्षेत्र में इसका ही बहुत महत्व है, क्योंकि सरलता-मय जीवन की प्रशसा यही है कि सग रहते हुये भी असग हो। वैसे अभ्यास करके भी अत्यन्त विनम्र एवं सरल बना जा सकता है, किन्तु दोनों में तनिक अन्तर अवश्य रहता है। जिसने गुण को अपने में उतारने का अभ्यास किया वह त्रिगुणों के ही अन्तर्गत रहा है। और जो साधना द्वारा हमारे अन्तर में प्रस्फुटित होता है, वह तो एक सहजता एवं विलक्षणता लिये होता है। जीवन में स्थित रहते हुये भी हमें उसका आभास नहीं होता, और न हमें बारम्बार उसकी सँभाल करने की ही आवश्यकता रहती है, क्योंकि वह वस्तु तो स्वाभाविक तौर पर ही

हमारे अन्तर में उतरी हुई है, जो कि दोषों से घिरे रहने पर भी हमें अदोष रखती है। किन्तु जो सरलता अभ्यास द्वारा हमारे में आई है, वह हमारी अपनी कमाई है, जिसका क्रय और विक्रय लगा ही रहता है। छोटा बालक बिल्कुल निर्दोष एवं निःसग रहता है, क्यों कि उसकी चेतना उसके अहं और बुद्धि से परे एक पावन चेतना में ही सीमित रहती है। इस प्रकार निष्पाप होकर एवं जीवन में मुक्त होकर हम विराट बनते हैं। ईश्वर मय जीवन एवं विराट के साथ मिला हुआ जीवन ही हमें भूमा या अमृत सुख की ओर ले जाता है। यजुर्वेद यही कहता है कि 'हे शांति के आँगन में खेलने वाले अनंत-प्राणी, यदि जीवन में किसी बात की इच्छा करते हो, तो भूमा को लोक की या विश्व-लोक की इच्छा करो।' यदि हम यह कहें कि साधना में भेद होता है तो यह असत्य ही होगा, क्यों कि भेद साधना में नहीं होता, वह तो क्रिया में होता है। साधना तो वही है जिससे कि हमारा प्रियतम साध्य दिनों दिन हमारे समीप खिंचता आता है, या हमें अपने में लय करता चला जाता है। और जिन उपायों से हम वास्तविक साधना की प्राप्ति करते हैं वह क्रिया है।

साधना विलक्षणता, शान्ति एवं सरलतामय एवं अहंता-रहित होती है। और क्रिया भी यदि साधगी (जो कि क्रिया का प्राण है) से रहित हुई तो वह अहंता और हठ लिये होती है और साधक को यही प्रदान करती है। साधना चैतन्य, ईश्वर-मय है इसलिये सरल और नित्य आनन्दमयी है किन्तु स्वयं नित्य नहीं है क्यों कि साधना तो साध्य का वह प्रकाश-पथ है जिस पर चलता हुआ उस अनन्त-पथ का पथिक कभी पथ-भ्रष्ट नहीं हो सकता है जिसे ईश्वरीय-प्रकाश के नाम से पुकारा जाता है, जो कि सर्वत्र समान रूप से व्याप्त है, जिसका दूसरा नाम प्रेम है, जो कि अपने प्रयोजन पर आधारित है। उसमें स्वयं मानों कोई शक्ति नहीं है। इसकी डोरी में बँधे साधक की तो बस यही गूँगी पुकार एवं सूखा रोदन रहता है कि :

'प्रेम प्रीति को बिरवा चल्यो लगाय,
सींचन की सुधि लीजियो मुरझि न जाय'

अर्थात् सींचने की भी सुधि तुम्हीं लेना । यही नहीं वह तो खुले आम पुकार उठता है कि:—

'दोषी करो, दोषी करो, धुलाय–पड़ा म्लान कुसुम
पायेर तलाय धरो'

अर्थात् 'हे देव, मुझे दोषी बनाओ, दोषी बनाओ और धूल में पड़े (इस) म्लान कुसुम को चरण–तल में स्थान दो । यही नहीं बल्कि वह कहता है कि:—

'अपराधे भरा डालि, निज हाथे करो खालि ।
तार परे सेइ शून्य डालाय, तोमार करुणा भरो ।।'

अर्थात्, 'अपराधों से भरी इस डलिया को अपने हाथों से खाली करो और इसके बाद उसी रिक्त डलिया में अपनी करुणा भर दो' । तथापि होता भी ऐसा ही है कि वह सर्वान्तर्यामी, साधक की तमाम त्रुटियों को अपनी क्षमा में गूँथकर अपने गले में डाल लेता है, और साधक को मुक्त कर देता है । एक बार परम पूज्य 'श्री बाबूजी महाराज' ने लिखा भी था कि एक समय ऐसा आता है कि "साध्य को साधक के सँस्कारों को शीघ्र समाप्त करने के लिये उन्हें स्वयं भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है" । इसलिये कि जब देने की व्यथा हमारे हृदय-तल में बज उठती है तो फिर हमारी वेदना 'उसकी' वेदना में मिलेगी ही । यमुना की काली धारा को गंगा में मिलना ही होगा । यह देने की व्यथा ही साधक को मिटा देती है ।

प्रकृति का कुछ ऐसा नियम है कि जिस पर हम प्रसन्न होते हैं उसे कुछ देना चाहते हैं । इसी प्रकार जब साधना द्वारा हमारे अन्तर की डलिया उसके प्रेम से लबालब हो जाती है, हमारे अंतर का प्राँगण प्रियतम की ज्योत्सना से चमक उठता है तो हमारे अंतर में 'उसे' कुछ देने की वेदना भर उठती है । किन्तु वह भोला साधक या प्रेमी क्या जाने कि उसकी वेदना उसे ही खा जायेगी; उसके अंतर की डलिया को अनजाने ही प्रियतम के चरणों में लुटा कर अपने अंतर में भरी उसकी पावन, सरल एवं आनन्दमयी ज्योत्सना

को भी प्रभु पर ही न्यौछावर करके एक ऐसी डगर में पहुँच जाती है जहाँ पर स्वयं उसके ही समा जाने के लिए स्थान नहीं मिलता । फिर तो लाचार उसका अहं–भाव भी लौट जाता है, एवं साधक लय अवस्था के अविरल–सागर में डूब जाता है और प्रियतम के स्थान का पता देने वाली साधना का अंत हो जाता है । अब वह एक ऐसी विलक्षणता के क्षेत्र में व्याप्त हो जाता कि जहाँ पर प्रियतम की पहचान एवं आत्मिक–उन्नति की पहचान, ऊँच–नीच की जांच, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श शब्द इन सब पर पानी फिर जाता है । तब वह सर्व-व्यापक, सर्व–दर्शी, सर्व-प्रिय एवं सर्व–शक्तिमान् होता हुआ भी नूतन-बालवत्, निर्दोषावस्था में विचरने लगता है ।

बहुधा भाइयों का यह कथन होता है कि अमुक संस्कारी व्यक्ति है, वह ईश्वर को प्राप्त कर लेगा; हम तो सांसारिक–झंझटों में घिरे पाप-पुण्यों में फँसे भला ईश्वर तक किस प्रकार पहुँच सकते हैं । कि हम सूर्य के प्रकाश से जितनी अधिक दूरी पर होते हैं आप कहते हैं परछाई उतनी ही लम्बी दिखाई पड़ती है । अपना साया उतना ही लम्बा होता जाता है किन्तु हम प्रकाश के जितने निकट होते जाते हैं अपनी परछाई भी छोटी पड़ती जाती है । ईश्वर करे कभी जब सूर्य बिल्कुल सिर पर ही आ जाता है तो अपन परछाई अपने में ही विलीन हो जाती है । उसी प्रकार हम जितना ही ईश्वरीय-प्रकाश से दूर होते हैं अहंता का साया अज्ञान व दुःख की छाया लम्बी ही होती जाती है । किन्तु सद्गुरू की कृपा-रूपी साधना द्वारा ज्यों २ हम 'उसके' सन्निकट पहुँचते जाते हैं हमारी अपनी परछाई छोटी पड़ने लगती है और एक दिन जब जान या अनजान में भी, समाधि, लय एवं मुक्तावस्था में पैरते हुये, एक ऐसी वेदना लिये उसके क्षेत्र में जा पहुँचते हैं कि:—

घनश्याम बता दो कि कभी दीद भी होगी ।
हर रोज़ मुहर्रम है कभी ईद भी होगी ।।

तो फिर हमारी परछाईं सदैव के लिये हमारा साथ छोड़कर विलीन हो जाती है । तब जीवन में, अन्दर, बाहर कण कण में एक दिव्यता घर कर लेती है वह व्यापक हो जाती है । महापुरुषों का

कथन है कि 'यदि अपने साये से पीछा छुटाना चाहते हो तो ईश्वर के साये में आ जाओ, तुम्हें दुःख न व्यापेगा। फिर 'प्रियतम' से दूरी ही कितनी शेष रह जाती है ? किसी ने कितना सत्य कहा है कि:—

,मन के अन्दर मन का प्यारा है मगर मिलता नहीं,
आँख में आँखों का तारा, है मगर मिलता नहीं' ॥

यह अवश्य है कि कहते हैं कि 'होनहार बिरुवान के, होत चीकने पात' किन्तु वह तो कुछ सीखने के लिये हमारे समक्ष महा-पुरुषों के उदाहरण हैं।

कहते हैं कि 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' अर्थात्, तू अपनी तुच्छता की ओर ध्यान देकर क्यों दुखी होता है, अपनी असमर्थता को देखकर क्यों निराश हो रहा है ? तनिक वट के समान विशाल वृक्ष को उत्पन्न करने वाले बीज को देख। उसमें कितना बड़ा वैभव छिपा है। तनिक उस रज-कण को देख जो अपने सहयोग से गगन-चुम्बी प्रासादों को स्थिर रखता है। तू तो उस अचिन्त्य-शक्ति के साये में आजा फिर तेरी गणना भी केवल अपने व्यक्तित्व पर निर्धारित न रहकर सर्वोमयी हो जायेगी। योगवाशिष्ट का कथन है कि 'गरीब वह नहीं जिसके पास कम है, परन्तु वह है जिसकी आवश्यकतायें अधिक है इस प्रकार महात्मा के समक्ष पाप, पुण्य का कोई स्वरूप नहीं जिससे हम उन्हें पहचान लें बल्कि ऐसा कह लें कि जैसे English में दो शब्द हैं sun और sin। sun का अर्थ है सूर्य अर्थात् प्रकाश और sin के अर्थ हैं पाप या अन्धकार अब वह प्रकाश और यह अन्धकार क्यों बन गया जबकि प्रारम्भ का शब्द 's' और अन्तिम शब्द 'N' दोनों में समान ही है। बस अन्तर केवल मध्य से है कि 'sun' का मध्यस्थ एवं कर्त्ता है 'u' अर्थात् 'तू' और sin का मध्यस्थ एवं कर्त्ता है 'I' अर्थात 'मैं', जिस ने कि दोनों शब्दों की समानता में जमीन आसमान का अन्तर उत्पन्न कर दिया। उसके मध्यस्थ तो साधना एवं समर्पण लोटता है और इसके मध्यस्थ विराजती है अहंता।

इसलिये यह आवश्यक हो जाता है कि हम साधना ऐसी चुनें

जो कि हमारी अन्तर व बाह्य-वृत्तियों को समेट कर एक समान स्थिति में स्थित कर दे। स्थित करने के लिए स्थिरता ही प्रधान सहायक सिद्ध हो सकती है, जिसे हम ध्यान के द्वारा ही प्राप्त कर सकते हैं। दर दर मागने वाले भिखारी से पूछो जिस बेचारे को दस जगह गाली खाकर तब एक जगह कुछ भीख मिलती है। जब भिखारी ही का बाना ओढ़ा तो ऐसे एक ही दर पर क्यों न जा पड़ें जो कि हमारी सारी आवश्यकताय बिना मांगे ही पूर्ण कर दे। किन्तु ऐसा होता तभी है कि:—

'कबिरा कूता राम का, मोतिया मेरा नांव।
गले राम की जेंवरी जित खींचे तित जांव' ॥

जब ऐसी समर्पणता एवं ऐसा ध्यान उत्पन्न हो जाये जो कि ध्यान करते २ स्वयं को तो भुला ही दे, ध्यान का भी ध्यान जाता रहे, तब उस बेसुध, दीवाने भिखारी को खाई खन्दकों से बचाता, 'राम' स्वयं ही लिये चलता है। यही बात प्रत्येक साधक में उत्पन्न होना अनिवार्य है। पथ एक ही है, ईश्वर के घर की राह एवं उससे मिलने का समय एवं भाँति एक ही है। साधन-पथ पर अग्रसर होते हुये साधक को आनन्द व आध्यात्मिक-स्थितियाँ एक समान ही मिलती हैं; किन्तु ऐसा होता नहीं, क्यों कि साधक अने-कानेक क्रियाओं से इसमें भिन्नता उत्पन्न कर लेता है। अन्तर इतना हो जाता है कि उस मदहोश को तो केवल 'राम' से काम रहता है और इधर हम क्रियाओं में आनन्द मानकर उसी में लिप्त हो रहते हैं।

वास्तव में पूजा, अर्चना एवं वंदना वही है जिससे कि:—

'छाँड़ै सुरति शरीर कौं, तेज पुञ्ज में जाय।
दादू ऐसे मिलि रहै, ज्यों जल जलहिं समाय' ॥

तो फिर वही स्थिति स्वयं ही आ जाती है कि 'बैठे सूते पड़े उताने, जब देखो तब वही ठिकाने'। भाई, सत्य भी है कि 'कस न दीदम कि गुम शुद अज रहे-रास्त' अर्थात् सच्चाई के रास्ते से किसी को गुमराह होते नहीं देखा। फिर तो वह कहीं जाये, कुछ भी करे, सब कुछ ईश्वर के अनुकूल ही होगा। किन्तु ऐसे प्रेम की स्थिति उत्पन्न करने के लिए भी आधार चाहिए, क्यों कि यह प्रेमाग्नि होती तो सभी के हृदय में है, किन्तु उस पर राख पड़ी हुई है।

जब सद्गुरु उस राख को अपनी प्रबल इच्छा-शक्ति से फूँक देता है तो प्रेम का दहकता हुआ अंगारा निकल आता है । किन्तु भाई कुछ भी हो बिना अन्तर में घुसे मर्म किसी ने नहीं पाया । बिना गहरे में गये मोती किसी ने नहीं पाया । हाँ, इतना अवश्य है कि अन्तर में रहने की तभी तक आवश्यकता है, जब तक साधक में शक्ति आ जायेगी, अंग प्रत्यंग में प्राण भर जायेगा । जब अग्नि जैसी जलने वाली सुधा, हलाहल की भांति पी डालने की शक्ति उस में आयेगी, तब निर्भय होकर अन्तः पुर से बाहर आ कर स्वतन्त्रता के साथ घूमने लगेगा क्यों कि तब धूल में लुढ़कने पर भी वह शुद्ध रह सकेगा । सब तरह के बन्धन अपने पर वहन करने पर भी वह स्वाधीनता के साथ सब जगह संचार कर सकेगा । ऐसी शक्ति जब तक नहीं तब तक अन्तःकरण के अन्तःपुर में पड़े रहना ही ठीक है । मैं तो यही कहूँगी कि साधना का वास्तविक स्वरूप तो तन्मयता ही है , जो साधक-जीवन का प्रधान अंग है । मदिरा के मद में तो मनुष्य कुछ समय के लिये अपने आपको भूल जाता है किन्तु साधन-पथ में तो प्रियतम परमात्मा की पावन रूप-माधुरी का पान कर साधक चिर काल के लिये अनन्त समाहित सिद्धि को प्राप्त कर विलीन हो जाता है । जिस प्रकार रक्त का संचार मानव-धमनियों में होता रहता है, उसी प्रकार भगवान की अनन्त चेतना उसके अंग प्रत्यंग में व्याप्त हो जाती है । फिर भी यह साधन-पथ, अनन्त पथ तभी सुगमता व आनन्द से तय हो पाता है जब कि सद्गुरु का हाथ साधक के मस्तक पर रहता है, क्यों कि किसी ने सत्य ही कहा है कि:—'तकला मानव-मन का प्रतीक है जो बार बार झोल खाता है, लोहार सद्गुरु है जो मन को राह पर डालता है' । इसी कारण साधना क्रिया होते हुये भी बन्धन से परे मुक्ति की दायिनी होती है । साधक साधना करते हुये भी मुक्ति एवं चिरन्तन आनन्द की ओर अग्रसर होता जाता है । वह तो बस एक ऐसी अनोखी मस्ती की रहनी में रहने लगता है कि:—

गर हाट बता दी तो वो जा हाट में साये,
गर बाट बता दी तो वो जा बाट में सोये ।
गर खाट बता दी तो उसी खाट में खुश हैं,
पूरे हैं वही मर्द जो हर हाल में खुश हैं ॥

❀ ❀ ❀

ग़ज़ल

(परिव्राजक विष्णु जी विष्णु स्वामी, 'सदा')

नाला दिलगीर नहीं, आह में तासीर नहीं ।
दम है लब पे मेरा, मुझ सा कोई दिलगीर नहीं ॥ १ ॥
कभी सहरा में भटकता हूँ, कभी बस्ती में ।
दिल को जो बाँध ले, वह गेसू-ए-जंजीर नहीं ॥ २ ॥
ज़र्रा ज़र्रा तेरे गुलशन का है ढूँढा ज़ालिम ।
तेरी तस्वीर सी पाई कोई तस्वीर नहीं ॥ ३ ॥
हम तो कहते हैं, यही बस, कि जला लो जी भर ।
दिल की इस खाक से बढ़कर कोई अक्सीर नहीं ॥ ४ ॥
साक़िया तेरी नज़र मुझ पे क़यामत ढा दे ।
मिट के पा लूँ तुझे, इस से बड़ी तदबीर नहीं ॥ ५ ॥
ऐ 'सदा' जिस पे ये मायूस निगाहें अटकीं ।
उस के दरबार में कुछ देर हो, अन्धेर नहीं ॥ ६ ॥

० ० ० ० ०

एक दिन सत्संग के समय सृष्टि के प्रारम्भ और विकास के विषय में वार्तालाप चल रहा था । डार्विन, बर्गसाँ आदि प्रसिद्ध दार्शनिकों के सिद्धान्तों के पक्ष विपक्ष में लोग युक्तियां प्रस्तुत कर रहे थे ।

सहसा सद्गुरु ने कहा, "यह वाद-विवाद व्यर्थ ही है, क्यों कि सृष्टि के प्रारम्भ में डार्विन, बर्गसां, हम, आप कोई भी नहीं थे । सिद्धान्तों का स्वीकरण तो अपनी मानसिक संरचना के अनुसार होता है ।"

एक जिज्ञासु ने प्रश्न किया, "तो फिर वास्तविक तथ्य को जानने का क्या उपाय है ?"

सद्गुरु ने बतलाया : "उपाय बस एक ही है । जैसी कुछ हम ने अपनी मानसिक रचना कर ली है, वह मिट जाये, और बस असल ही शेष रह जाये । ऐसी स्थिति आ जाने पर जो कुछ ज्ञात होगा, वास्तविक तथ्य होगा । ●

प्रार्थना

नमस्ते सते सर्वलोकाश्रयाय
नमस्ते चिते विश्वरूपात्मकाय ।
नमोऽद्वैततत्त्वाय मुक्तिप्रदाय
नमो ब्रह्मणे व्यापिने निर्गुणाय ॥
तदेकं स्मरामस्तदेकं जपामः
तदेकं जगत्साक्षिरूपं नमामः ।
सदेकं निधानं निरालम्बमीशं
भवाम्भोधिपोतं शरण्यं व्रजामः ॥

[समस्त लोकों के आश्रय रूप सत् को नमस्कार है;
विश्व के रूपों को अपना शरीर बनाने वाले चित् को नमस्कार है;
मोक्ष प्रदान करने वाले अद्वैत तत्व को नमस्कार है;
गुणों से रहित सर्वत्र व्याप्त ब्रह्म को नमस्कार है ।
उस एक का हम स्मरण करते हैं, उस एक का हम जप करते हैं;
उस समस्त जगत के साक्षी रूप एक को हम नमस्कार करते हैं;
उस एक सत्, सबके आश्रय, किसी पर न आश्रित रहने वाले,
संसार सागर के जहाज रूप ईश्वर की हम शरण ग्रहण करते हैं ।]

—महानिर्वाण तन्त्र

[Obeisance to that Being, the basis of all the worlds; obeisance to that Consciousness, which has become the manifold universe; obeisance to that One Truth without a second which bestows liberation; obeisance to that Brahman which pervades (everything), and is (yet) devoid of attributes.

We meditate upon that One (Truth); we silently pray to that One (Truth); we bow to that One Witness of (all) the world; we seek as our shelter that One Being, the basis (of everything), Self-supporting and supreme, a ship in the sea of Samsara, helpful to the refugees.]

—Mahanirvanatantra

The Efficacious Way

(Shri Ram Chandra Ji, President S. R. C. M.)

The rituals given in the Mimansa are opposed by Shankar in his vedanta philosophy but I have no concern with any of the above views. The rituals no doubt help to some extent only in promoting Satvic vrittis. They may also offer preparatory grounds for spiritualism. As such I have no objection if it is taken up, by the way, with every thing else cooperative to Realisation.

Worship of deities is too commonly prevalent among the Hindus. It is done with the object of material gain or safety of the children. The female folk mostly adhere to it, because they give birth and bring up children and hence their ties of affection grow stronger. Let them play their own part and we should attend to our own.

I am not in favour of Japam which is exclusively external in character, though I too advise Japam in certain cases, but they are of different type. These are really the means by which an abhyasi is to try for his growth himself. But in our Sanstha the task is taken up by the Master who feeds him with the spiritual force through Transmission. Now it depends upon the Abhyasi to extract from the Master as much as he can, through love and devotion. Greater the devotion and surrender the greater will be the force flowing into him.

